दैनिक जागरण 02/10/2022

# टेलेंट हंट में छात्र-छात्राओं ने मंच पर बिखेरे कला के रंग



जीएमएन कालेज में प्रतिभा अन्वेषण के दौरान विजेता विद्यार्थी। •विज्ञप्ति।

**जीएमएन कालेज** : कालेज में प्रतियोगिता का शुभारंभ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रभारी डा.. राजेंद्र देशवाल की देखरेख में हुआ। मंच संचालन डा. अमित और डा. मंजीत कौर ने किया। नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम हरप्रीत, जतिन दूसरे और शीतल तीसरे स्थान पर रहे। गायन में खुशी पहले, उद्भव दूसरे और आक्षी तीसरे स्थान पर रहे। प्रिंसीपल डा. वीके जैन ने विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर प्रो. रचना खन्ना, डा. राजेंद्रा, डा. पांडे आदि मौजूद रहे।